सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

टेलीफैक्स : +91-135-2744064, 2743331
Telefax : +91-135-2744064, 2743331
वेबसाइट Website : www.surveyofindia.gov.in
ई-मेल E-Mail : sgo.hindi.soi@gov.in

# भारतीय सर्वेक्षण विभाग
# SURVEY OF INDIA

Save Paper.
Save Trees.
Save the World.

**महासर्वेक्षक का कार्यालय**
**SURVEYOR GENERAL'S OFFICE**
डाक बक्स सं० 37, POST BOX No.37,
देहरादून-248001 (उत्तराखण्ड)-भारत।
DEHRA DUN-248001 (Uttarakhand), INDIA

सं० हि०- 6918 /1445(रा.भा.का.स.)

दिनांक : 23 दिसम्बर, 2022

सेवा में

सहायक महासर्वेक्षक/ प्रभारी अधिकारी फोटो लाइब्रेरी एवं परियोजना अधिकारी, डाटा अर्जन (डी०ए०)/ उप निदेशक (तकनीकी सचिव)/ प्रभारी अधिकारी कार्य अध्ययन एकक एवं जे०सी०एम० /उप भण्डार अधिकारी/स्था० एवं लेखा अधि० (प्रशा०)/स्था० एवं लेखा अधि० (बजट)/स्था० एवं लेखा अधिकारी (गोपनीय)/ सहायक भंडार अधिकारी/प्रभारी जी०आई०एस० टेक्नोलॉजी सेंटर (म०स०का०) ।

विषय : **महासर्वेक्षक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।**

संदर्भ : महासर्वेक्षक कार्यालय का दिनांक 15 दिसम्बर, 2022 का पत्र सं० हि०-6777/1445 (रा०भा०का०स०)।

महासर्वेक्षक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 15 दिसम्बर, 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की प्रति आपको सूचना एवं आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई के लिए भेजी जाती है ।

अनुलग्नक – यथोपरि ।

(प्रशांत कुमार)
उप महासर्वेक्षक
कृते भारत के महासर्वेक्षक ।

प्रतिलिपि, बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सहित निम्नलिखित को प्रेषित :-

1. सचिव, भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली – 110016 ।
2. उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर), 302 सी०जी०ओ० भवन, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद ।
3. अपर महासर्वेक्षक (तकनीकी)/निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)/उप महासर्वेक्षक (प्रशासन)/उप महासर्वेक्षक (मानव संसाधन)/ उप महासर्वेक्षक (तकनीकी)/ उप महासर्वेक्षक (सतर्कता)/उप महासर्वेक्षक कार्य अध्यन एंकक/ उप महासर्वेक्षक, सीमा सत्यापन विंग (म.स.का०)
4. महासर्वेक्षक कार्यालय के सभी परियोजना अधिकारियों को समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।
5. कार्यालय अधीक्षक स्था०1/ स्था०2/ स्था०3/ बजट/ विधिक/ स्था० प्रशा० एवं वेतन/ सतर्कता/ गोपनीय/ विनियम, अनुभागों को समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।
6. प्रभारी, तकनीकी अनुभाग/ जे०सी०एम० एवं का०अ०ए०/ आर०टी०आई०/भंडार शाखा/ जी०आई०एस० टैक्नोलॉजी सेंटर/ सीमा सत्यापन विंग को उपरोक्त समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।

## महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 15.12.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त ।

महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 15.12.2022 को 04:00 बजे अपराह्न ब्रिगेडियर बी० सरीन चंदर, अपर महासर्वेक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

महासर्वेक्षक कार्यालय में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने तथा अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बैठक में सम्मिलित किया गया ।

### मद सं० 1 – समिति की दिनांक 23.08.2022 को हुई बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि : -

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 23.08.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त्त दिनांक 31-08-2022 के पत्र सं० हि०-4998/1445(रा०भा०का०स०) के अंतर्गत सभी अनुभागों को अनुवर्ती कार्रवाई हेतु भेज दिया गया था ।

### मद सं० 2 –समिति की पिछली बैठक की सिफारिशों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट:-

1) **महासर्वेक्षक कार्यालय में सितम्बर, माह 2022 में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन :-**

समिति को सूचित किया गया कि महासर्वेक्षक कार्यालय में 14 से 28 सितम्बर, 2022 तक हिन्दी पखवाड़े के दौरान कार्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए हिन्दी विषयक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कार्मिकों में उत्साहपूर्वक भाग लिया । 22 सितम्बर, 2022 को **'हिन्दी में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर खुला मंच'** का भी आयोजन किया गया । प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है कार्यालय के अधिकारियों की प्रतियोगिता के पुरस्कार महासर्वेक्षक महोदय द्वारा प्रदान किए गए ।

2) **महासर्वेक्षक कार्यालय की हिन्दी पत्रिका 'सर्वेक्षण दर्पण' अंक-19 का विमोचन :-**

प्रभारी राजभाषा ने जानकारी दी कि कार्यालय की हिन्दी पत्रिका **'सर्वेक्षण दर्पण'** अंक-19 का विमोचन दिनांक 28.10.2022 को भारत के महासर्वेक्षक द्वारा किया गया । सर्वेक्षण दर्पण की प्रति सभी भू-स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों/अनुभागों तथा रचनाकारों को भेज दी गई है । इसके अतिरिक्त पत्रिका की प्रति नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कुछ सदस्यों कार्यालयों को भी भेजी गई ।

### मद सं० 3 – महासर्वेक्षक कार्यालय की 30-09-2022 को समाप्त अवधि की हिन्दी के प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2022-2023 के वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति पर विचार-विमर्श :-

महासर्वेक्षक कार्यालय में 30.06.2022 और 30.09.2022 को समाप्त तिमाही के दौरान क,ख,ग क्षेत्र के साथ किए गए हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण एवं समग्र पत्राचार का प्रतिशत निम्नवत् रहा:

# कार्यालय के विभिन्न अनुभागों में हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण

| | 30.06.2022 | 30.09.2022 | 30.06.2022 | 30.09.2022 |
|---|---|---|---|---|
| | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br>**लक्ष्य 100%** | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br>**लक्ष्य 100%** | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br>**लक्ष्य 65%** | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br>**लक्ष्य 65%** |
| | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत |
| स्था० प्रशा० एवं वे० | 99.2% | 99.4% | - | - |
| स्थापना-1 | 100% | 84.2% | - | 100% |
| स्थापना-2 | 100% | 100% | 100% | 100% |
| स्थापना-3 | 100% | 100% | 100% | 100% |
| बजट | 91% | 93.1% | 73.3% | 90.5% |
| विनियम | 100% | 100% | 100% | 100% |
| तकनीकी | 95.3% | 89.2% | 93% | 71.8% |
| गोपनीय | 97.9% | 98.7% | 91.3% | 93.7% |
| जे०सी०एम०एवं का०अ०ए० | 95.2% | 95% | 100% | 96.1% |
| विधिक सैल | 90.3% | 89.9% | 84.7% | 85.3% |
| हिंदी अनुभाग | 100% | 100% | 100% | 100% |
| भंडार अनुभाग | 100% | 100% | - | - |
| आर०टी०आई० | 83.7% | 95.7% | 100% | 100% |
| भंडार कार्यालय | 100% | 100% | - | - |

**<u>समग्र पत्राचार</u>**

| | पिछली तिमाही में | इस तिमाही में | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | 97.3% | 97.4% | 100% |
| 'ख' क्षेत्र में | 97.9% | 97.7% | 100% |
| 'ग' क्षेत्र में | 95.3% | 95% | 65% |

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2022-2023 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यः-

वर्ष 2022-2023 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित मुख्य मदें इस प्रकार हैं ।

1) 'क', 'ख' क्षेत्रों को शतप्रतिशत पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।
2) 'ग' क्षेत्र को 65% पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।
3) हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएं ।
4) 75% टिप्पणियां हिंदी में लिखी जाएं ।
5) 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद की जाएं ।
6) कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद की जाएं।

**<u>मद सं० 4 – हिन्दी, हिन्दी टाइपिंग और हिन्दी आशुलिपि में अप्रशिक्षित कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करना तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा अर्जित ज्ञान के उपयोग पर विचार</u> :-**

1) महासर्वेक्षक कार्यालय के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी हिंदी भाषा में प्रशिक्षित हैं । कार्यालय में तैनात सभी आशुलिपिक हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षित हैं ।
2) कार्यालय के 10 एम०टी०एस० कार्मिक पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से हिन्दी टाइपिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं प्रशिक्षण सत्र की अवधि अगस्त, 2022 से 31 जनवरी, 2023 है ।

**<u>मद सं० 5- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय चर्चा ।</u>**

प्रभारी राजभाषा ने समिति को बताया कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग की वेबसाइट द्विभाषी हो गई है।

बैठक में श्री उपकार पाठक, अधीक्षक सर्वेक्षक एवं प्रभारी राजभाषा ने अनुभागों से प्राप्त हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की विभिन्न मदों में सही सूचना भरने तथा रिपोर्ट नियत समय तक भेजने के संबंध में एक कार्यशाला ली ।

सभी अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध किया गया कि वे प्रत्येक अवधि की तिमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रोफार्मा पर भरकर तिमाही की समाप्ति के पश्चात् अगले माह की **<u>05 तारीख</u>** तक हिन्दी अनुभाग को अनिवार्य रूप से भेजें ताकि समेकित रिपोर्ट विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राजभाषा विभाग को समय पर भेजी जा सकें तथा कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक भी समय पर आयोजित की जा सके ।

बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय ने अनुभागों द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय से नहीं भेजने पर अप्रसन्नता व्यक्त की एवं समय से रिर्टन भेजने का अनुरोध किया । उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक तिमाही के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित किए जांए । कार्यालय में हिन्दी के स्लोगन तैयार कर लगवाए जाएं।

बैठक अध्यक्ष महोदय तथा कार्यालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को धन्यवाद देकर समाप्त हुई ।

*****